


2014 से कीव के मेयर हैं विटाली

2021 में इंटरनेशनल बॉक्सिंग हॉल ऑफ फेम में शामिल किए गए इस यूक्रेनी बॉक्सर ने इसी माह क्षेत्रीय बलों में एक रिजर्व के रूप में हस्ताक्षर किए थे। व्लादिमीर क्लिट्स्को के भाई विटाली क्लिट्स्को कीव के मेयर हैं, वह भी विश्व चौंपियन रह चुके हैं। 50 साल के विटाली ने गुरुवार को कहा, श्मेरे पास कोई और विकल्प नहीं है। मुझे यह करना होगा। मैं जंग में उतरूंगा। मैं यूक्रेन में विश्वास रखता हूं। मुझे अपने देशवासियों पर भी भरोसा है।

## वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर भाई, रूस को दी खुली चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। यूक्रेन पर रूस के हमले के साथ ही दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध की ओर बढ़ चुकी है। धमाकों से दहलते यूक्रेन में हालात भयावह है। चारों तरफ खौफ का माहौल है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कतई झुकने के मुड़ में नहीं है। ऐसे में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी आम नागरिकों से हथियार उठाने की अपील की तो दो वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर भाई अपने देश को बचाने के लिए आगे आए हैं। अपने राष्ट्र, जन्मभूमि और लोगों के लिए यूक्रेन के सेलिब्रिटी बॉक्सर आगे आए हैं। पूर्व विश्व चौंपियन मुक्केबाज और यूक्रेन के सबसे प्रसिद्ध खिलाड़ियों में से एक, व्लादिमीर क्लिट्स्को (संकपउपत ज्ञसपजेबीव) को विश्वास है कि रूस के साथ इस लड़ाई में उनका देश मजबूती से खड़ा रहेगा। ओलिंपिक गोल्ड मेडल जीत चुके 45 वर्षीय इस महान बॉक्सर ने अपने देशवासियों को हिम्मत बंधाने के लिए ट्विटर का सहारा लिया है। पेशेवर सर्किट में दो बार वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियनशिप जीत चुके व्लादिमीर क्लिट्स्को ने ट्वीट किया, सुनिश्चित करें कि यूक्रेन मजबूत है!

# मैं जब चाहूं गेंद को हिट कर सकता हूं: ईशान

क्रिकेट

## रोहित शर्मा ने दी ऐसी सलाह, ईशान किशन खेल डाली विध्वंसक पारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी–20 इंटरनेशनल मैच में 89 रनों की तूफानी पारी खेली। वह इसके साथ ही टी–20 फॉर्मेट के किसी एक मैच में बड़ा स्कोर बनाने वाले विकेटकीपर बन गए। उन्होंने ऋषभ पंत के रिकॉर्ड को तोड़ा। पंत ने वेस्टइंडीज के 2019 में 65 रन की पारी खेली थी। मैच के बाद ईशान ने खुलासा किया है कि कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें अभ्यास सत्र के दौरान स्ट्राइक रोटेट करने पर ध्यान देने को कहा था।

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 मैच में किशन ने 56 गेंदों में 89 रन बनाकर टीम में अहम भूमिका निभाई थी। किशन की श्रीलंका के खिलाफ पारी में काफी बदलाव दिखा।




हालांकि, उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन पारियों में सिर्फ 71 रन बनाए थे। वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में किशन ने खुलासा किया कि कैसे शर्मा ने उन्हें अपनी स्ट्राइक–रोटेशन क्षमता पर काम करने के लिए कहा। किशन ने कहा, 'रोहित सर मुझसे कहते रहे कि वह जब चाहें गेंद को लंबे समय तक हिट कर सकते हैं। लेकिन उन्होंने मुझे बताया कि आने वाले मैचों में जो महत्वपूर्ण है, जहां मैं पहले फंस गया हूं, मेरे सिंगल–रोटेशन पर काम करना है। इस पहलू में उन्होंने मेरी मदद की है और मुझे नेट्स पर स्ट्राइक रोटेट करने की कोशिश करने के लिए कहा।' किशन ने आगे बताया, 'उन्होंने मुझसे कहा कि मैं जब चाहूं गेंद को हिट कर सकता हूं लेकिन स्ट्राइक रोटेट करके, मैं गेंदबाजों को भी दबाव में डाल सकता हूं। इसलिए, ये बातें मैंने रोहित भाई से की। हमारा काम अपना होमवर्क करना है, चाहे वह फिटनेस हो, सोने का तरीका हो या अनुशासित जीवन हो, हमें उसे जारी रखना होगा।' किशन ने बताया कि किस तरह घरेलू मैदानों में खेलने से उन्हें और भारत को साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप की तैयारी में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा, 'जब आप एक बड़े मैदान में खेलते हैं, तो आपको बहुत सारे गैप मिलते हैं। हमेशा गेंद को जोर से मारने के बजाय, आपको गेंद को गैप में डक करने की जरूरत होती है और इस तरह, आप सीखते हैं कि आपके पास कौन सी कमी है, जिसे पूरा करना है।

किशन ने आगे इस बात पर जोर दिया कि नियमित खिलाड़ियों के अनुपस्थित रहने पर टीम में बल्लेबाजी की स्थिति की परवाह किए बिना मौकों को गिनना कितना महत्वपूर्ण है। आपको अपने समय का इंतजार करना होगा। लेकिन जब आप इसे प्राप्त करते हैं, तो आपको इसका लाभ उठाना होता है।'

## श्रीलंका के इस पूर्व आलराउंडर ने कप्तान रोहित को लेकर दी प्रतिक्रिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज का पहला मैच भारत ने 62 रन से जीत लिया है। टी20 वर्ल्ड कप के बाद से ये टीम इंडिया की लगातार 10वीं जीत है। जीत के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी हर तरफ से चर्चा में है वो चाहे भारत के हों या विपक्षी टीम के सब एक सुर में रोहित की तारीफ कर रहे हैं। इस कड़ी में नया नाम श्रीलंका के पूर्व आलराउंडर रसेल अर्नोल्ड का है जिन्होंने रोहित के बारे में कहा है कि वे टीम को सामने से लीड करते हैं और आगामी वर्ल्ड कप के विजन को लेकर साथी खिलाड़ियों पर किसी तरह का दबाव नहीं डालते हैं। अर्नोल्ड ने कहा कि टी20 वर्ल्ड



कप में भारतीय टीम के जल्दी बाहर निकल जाने के बाद रोहित शर्मा को जिम्मेदारी दी गई और उसके बाद भारतीय टीम अलग ही रंग में नजर आ रही है।

आपको बता दें कि विराट कोहली के कप्तानी छोड़ने के बाद जब से रोहित शर्मा ने टीम की कमान संभाली है तब से भारत एक भी मैच नहीं हारा है। भारत ने पिछले साल पहले न्यूजीलैंड को 3–0 से हराया और फिर इस महीने वेस्टइंडीज को 3–0 से हराकर क्लीन स्विप किया था। अब श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में 1–0 से आगे है। अर्नोल्ड का मानना है कि रोहित की कप्तानी में ये साफ हो गया है कि टीम इंडिया शुरूआती 10 ओवर में ज्यादा आक्रमक तरीके से बैटिंग करेगी। श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में यही देखने को मिला जब रोहित और ईशान ने 10 ओवर में 100 रन जोड़ लिए थे।

उन्होंने कहा कि कभी–कभी टीम के लिए डिफरेंट अप्रोच टीम के लिए बेहतर साबित होता है और भारत को टी20 वर्ल्ड कप के बाद इसकी जरूरत भी थी। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप में ज्यादा उम्मीदों के दबाव के चलते अच्छा नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम की गहराई रोहित के काम को आसान बना देती है।

## पाकिस्तान दौरे के लिए खुद को तैयार कर रहा है ये गेंदबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया के कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने पाकिस्तान दौरे के लिए अपनी गेंदबाजी को लेकर खास तैयारी की है। कमिंस के लिए कप्तान के तौर पर यह पहला बाहरी दौरा है और इसलिए उनके सामने अच्छा प्रदर्शन करने की चुनौती है। इसके लिए उन्होंने अपनी गेंदबाजी पर काम किया है। कमिंस ने अपने रिवर्स स्विंग पर काम किया है और उनको लगता है कि पाकिस्तान दौरे पर यह काफी प्रभावशाली साबित होगा। हालांकि एशेज सीरीज के दौरान आस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने इंग्लैंड की कमजोर बल्लेबाजी और मददगार पिच के दम पर 5 बार 70 ओवर के अंदर उन्हें आउट किया था। हालांकि पाकिस्तान में परिस्थितियां अलग होंगी और इसलिए कमिंस अपने आप को खास तरह से तैयार कर रहे हैं। आस्ट्रेलिया को मार्च में पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है जिसकी शुरुआत 4 मार्च से होगी। कमिंस अपने नए प्रयोग को लेकर खासे उत्साहित हैं। कमिंस ने कहा कि क्रिकेट में हमेशा अलग तरह की चुनौती होती है।

## न्यूज डायरी






### सहवाग का फैन है डेब्यू मैच में तिहरा शतक ठोकने वाला गनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बिहार का मोतिहारी जिला अचानक से वर्ल्ड क्रिकेट मैप पर पहचाना जाने लगा है। यहां के लाल सकिबुल गनी ने रणजी ट्रॉफी के डेब्यू मैच में तिहरा शतक ठोककर इतिहास रचा था। मिजोरम के खिलाफ 405 बॉल में 341 रन बनाकर वह पहले ही मैच में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने थे। 22 साल के सकिबुल गनी ने खास बातचीत की। उन्होंने वीरेंद्र सहवाग को अपना आदर्श बताया। बकौल गनी, श्मैं सहवाग सर का फैन हूं। मैंने उनके सभी बल्लेबाजी वीडियो देखे हैं। सहवाग सर की तरह, मैं भी अपना नाम बनाना चाहता हूं। मैं उनसे मिलना चाहता हूं और बल्लेबाजी के बारे में बहुत सारे सवाल पूछना चाहता हूं। मैं उनसे मुल्तान की पारी के बारे में पूछना चाहता हूं। सहवाग ने 2004 में मुल्तान में पहले टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ शानदार 309 रन बनाए थे। भारत ने एक पारी और 52 रन से मैच जीता था। मेरे माता–पिता बहुत खुश हैं और वे मेरे घर आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### मीराबाई ने इंटरनेशनल गेम्स में गोल्ड जीत फहराया तिरंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिंगापुर। भारत की स्टार वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने शुक्रवार को सिंगापुर वेटलिफ्टिंग इंटरनेशनल में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 55 किलोग्राम भार वर्ग में क्वॉलिफाइ किया। पहली बार 55 किलोग्राम भार वर्ग में भाग ले रही चानू ने कुल 191 किलोग्राम (86 किलोग्राम और 105 किलोग्राम) भार उठाया। उन्हें किसी तरह की चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा और वह आसानी से पहले स्थान पर रहीं। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि ऑस्ट्रेलिया की जेसिका सेवास्टेंको दूसरे स्थान पर रही जबकि उन्होंने कुल 167 किलोग्राम (77 किलोग्राम, 90 किलोग्राम) वजन उठाया, जो चानू से 24 किलोग्राम कम था। मलेशिया की एली कैसेंड्रा एंगलबर्ट 165 किलोग्राम (75 किलोग्राम, 90 किलोग्राम) के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। दिसंबर में विश्व चैंपियनशिप से हटने वाली चानू की पिछले साल तोक्यो ओलिंपिक में रजत पदक जीतने के ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद यह पहली प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता थी।

### यह काम करने के लिए बुमराह को की थी रिश्वत देने की कोशिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और रिषभ पंत जैसे खिलाड़ी नहीं खेल रहे हैं। ऐसे में श्रेयस अय्यर पर मध्यक्रम की बड़ी जिम्मेदारी है। श्रेयस को टी20 वर्ल्ड कप 2021 कि टीम में जगह नहीं मिली थी ऐसे में उनके पास एक बड़ा मौका है कि वो अच्छा प्रदर्शन करके टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए अपनी दावेदारी पेश करें जो आस्ट्रेलिया में इस साल के अंत में खेला जाएगा। पोस्ट मैच प्रजेंटेशन में श्रेयस ने कहा कि 16वें ओवर के आसपास जब वो रोहित शर्मा के पास गए तो उन्होंने बुमराह को पहले ही बता दिया था कि वो ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें गेंदबाजी करने की जरूरत है। मैंने बुमराह को रिश्वत देने की कोशिश की, लेकिन ये मेरे काम नहीं आया (हंसते हुए)। श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच के आखिरी कुछ ओवर्स में रोहित शर्मा मैदान से बाहर थे और ऐसे में जसप्रीत बुमराह ने अंत तक कप्तानी की थी।

### गांगुली–द्रविड़ पर उठाए सवाल तो बीसीसीआई थमा सकता है नोटिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा से राष्ट्रीय टीम से बाहर किए जाने के बाद बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ पर की गई टिप्पणी के लिए स्पष्टीकरण मांग सकता है, क्योंकि उसे लगता है कि केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी होने के कारण उन्होंने नियमों का उल्लंघन किया है। केंद्रीय अनुबंध में ग्रुप बी में शामिल साहा के बारे में पता चला है कि उन्होंने नियम 6.3 का उल्लंघन किया है। साहा ने अपने चयन को लेकर द्रविड़, चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा और गांगुली के साथ हुई निजी बातचीत का खुलासा किया था।